मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 272, मुंबई, बुधवार, 15 जनवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®
अब हर सच होगा उजागर




## महाराष्ट्र में दिल्ली का शिक्षा मॉडल?



### उपमुख्यमंत्री सिसोदिया बोले- मदद करेंगे

**मुंबई।** दिल्ली विधानसभा चुनाव से ठीक पहले अपने कामकाज के नाम पर चुनाव लड़ रही आम आदमी पार्टी को महाराष्ट्र से ऐसा तीर मिला है जिसके जरिए वह विपक्ष पर हमला कर सकती है। हुआ ऐसा है कि महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने 13 दिसंबर को संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए दिल्ली के शिक्षा मॉडल पर चर्चा की और कहा कि महाराष्ट्र के कुछ जिलों में दिल्ली के सरकारी स्कूलों का शिक्षा मॉडल लागू किया जाए। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

### वानखेड़े में भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच के बीच...

# सीएए का विरोध




**टी-शर्ट पर नारे लिखकर पहुंचे दर्शक**

### कई दिनों से अलग-अलग हिस्सों में हो रहा विरोध

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में मंगलवार को भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच हो रहे मैच के दौरान ही कुछ दर्शकों ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया। इन लोगों ने प्रसिद्ध वानखेड़े स्टेडियम के पवेलियन में सीएए और एनपीआर के विरोध में टीशर्ट पहनकर सरकार के निर्णय का विरोध किया। इस विरोध की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर भी शेयर की गईं। यह प्रदर्शन उस वक्त हुआ, जब वानखेड़े स्टेडियम में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के साथ एकदिवसीय मैच खेल रही है। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## गोल्ड की कीमत में भारी गिरावट



मुंबई। सोने की कीमतों में पिछले कुछ दिनों में भारी गिरावट देखी गई है। पिछले एक हफ्ते में गोल्ड की कीमत में 2,000 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमी आई है। अमेरिका-चीन के बीच तनाव कम होने के संकेतों से गोल्ड की कीमत में यह कमी आई है। एमसीएक्स पर मंगलवार को फरवरी के लिए सोने का वायदा कॉन्ट्रैक्ट 39,328 रुपये प्रति 10 ग्राम का हुआ। कारोबार के दौरान यह 39,262 रुपये तक पहुंच गया था। खुदरा कारोबार 40,000 रुपये प्रति 10 ग्राम का हो रहा था। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

## दिल्ली चुनाव: आप ने 70 सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान किया

**संवाददाता/नई दिल्ली।** विधानसभा चुनाव के लिए आम आदमी पार्टी ने मंगलवार को सभी 70 विधानसभा सीटों के लिए उम्मीदवार घोषित कर दिए। पार्टी ने 15 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे हैं। 8 महिलाओं को टिकट दिया गया है। दिल्ली में 8 फरवरी को वोटिंग होगी और नतीजे 11 फरवरी को जारी किए जाएंगे। **(शेष पृष्ठ 5 पर)**

### 8 महिलाओं को टिकट, 15 मौजूदा विधायकों के टिकट काटे



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### फजीवाड़ा: किस्सा फटे नोटों की डबल स्कीम का

**मुंबई।** फटे पुराने नोटों को बदलने की स्कीम हर शहर में चलती है। अमूमन इन नोटों के बदले रकम 30 से 50 प्रतिशत तक कम दी जाती है लेकिन मुंबई में एक गिरोह इन फटे नोटों पर डबल रकम देने की स्कीम चला रहा था। कांदिवली क्राइम ब्रांच द्वारा गिरफ्तार चार आरोपियों को शुक्रवार को किला कोर्ट ने 21 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में भेज दिया है। हालांकि बहस के दौरान ऐडवोकेट अजय उमापति दुबे ने कहा कि गिरफ्तार आरोपी पूरी तरह से निर्दोष हैं।

सूत्रों के अनुसार, इस केस में वॉन्टेड एक आरोपी ने मालाड के एक व्यक्ति से कहा, 'हम फटे नोटों पर डबल रकम देते हैं। इसकी वजह यह है कि हमारी कंपनी में कैश बहुत रहता है। इसलिए कंपनी ब्लैक को व्हाइट करने के लिए फटे नोट लेकर नए नोट निकालती है। इसलिए यदि तुम हमें फटे नोट दोगे, तो तुम्हारा भी फायदा होगा और कंपनी का भी।' मालाड का व्यक्ति सामने वाले की बातों में आ गया।

उसके पास फटे पुराने नोट नहीं थे, इसलिए उसने अपने मामा से नोट मांगे। मामा के पास पांच लाख रुपये के पुराने नोट थे, पर फटे हुए नहीं। आरोपी ने मालाड के व्यक्ति से कहा कि उनके लिए यह पुराने नोट भी काम के हैं, लेकिन चूंकि वह उन्हें फटे नोट नहीं दे रहे, इसलिए वह पांच लाख पर दस लाख नहीं, साढ़े सात लाख ही दे सकते हैं। कुछ दिन पहले आरोपी ने सामने वाले से पांच लाख रुपये ले लिए और कुछ देर बाद नए नोटों में साढ़े सात लाख रुपये कैश लाने का वादा किया। देर शाम ठग के चार साथी मालाड के व्यक्ति के पास आए और उसे यह कहकर एक पैकेट दिया कि इसमें रखी रकम को आप सीधे अपने अकाउंट में ही जमा करो और उसकी रसीद उन्हें दो, ताकि वे इनकम टैक्स में बाद में इसे दिखा सकें लेकिन तब तक बैंक बंद हो चुकी थी। इसीलिए आरोपियों ने सुझाव दिया कि सामने एटीएम सेंटर में जाकर यह रकम जमा कर दो। आरोपियों ने खुद ही रकम को एक पैकेट में रबर से बांध रखा था। मालाड का व्यक्ति जब एटीएम मशीन में रकम डाल रहा था, तो अलर्ट का बीप बीप बजने लगा। बाद में उसने जब पैकेट खोला, तो उसमें ऊपर व एकदम नीचे तो 100 व पांच सौ के असली नोट थे, लेकिन बीच में सब नकली नोट थे, जिन पर भारतीय चिल्ड्रन बैंक लिखा हुआ था। इसके बाद मामला डीसीपी अकबर पठान, सीनियर इंस्पेक्टर चिमाजी आढाव और नितिन उतेकर के पास जांच के लिए आया। इसी में चार आरोपी गिरफ्तार हुए। पर मुख्य आरोपी अभी भी फरार है।

### टैक्सियों पर लगेगी तीन रंग की लाइट

**मुंबई।** मुंबई मुंबई की टैक्सियों में अब लाल, हरी और सफेद रंग की लाइट लगाई जाएगी। यदि टैक्सी की हरी लाइट जल रही है, तो टैक्सी चालक किसी भी यात्री को बिठाने से इनकार नहीं कर सकता। अगर टैक्सी चालक इनकार करता है, तो यात्री परिवहन आयुक्त से शिकायत कर सकते हैं। उस टैक्सी चालक पर कार्रवाई की जाएगी। टैक्सियों पर तीन रंग की लाइट लगाने की योजना पर 1 फरवरी से अमल किया जाएगा।

सुबह और शाम के वक्त टैक्सी चालकों और यात्रियों के बीच वाद-विवाद होना आम बात है। कई बार वाद-विवाद मारपीट से पुलिस चौकी तक पहुंच जाता है। इस समस्या को खत्म करने के लिए राज्य के परिवहन आयुक्त शेखर चन्ने ने यह पहल की है। उनका कहना है कि टैक्सियों में लाल, हरी और सफेद रंग की लाइट लगाई जाएगी। लाल बत्ती जलने का मतलब होगा कि टैक्सी में पहले से यात्री मौजूद है। हरे रंग की बत्ती जलने का मतलब होगा कि यात्री के लिए टैक्सी उपलब्ध है, जबकि सफेद रंग का मतलब होगा कि टैक्सी चालक को कहीं जाना है।

# मध्य रेलवे में हुआ प्रॉविडेंट फंड घोटाला, रेलवे बोर्ड पहुंचा मामला

**मुंबई।** आपका बैंक अकाउंट हो या पैसे से जुड़ा कोई अन्य अकाउंट, इससे जुड़ी निजी सूचनाएं किसी से भी शेयर न करें। पुलिस द्वारा जारी किए जाने वाले इन निर्देश के बावजूद लोगों से गलती हो जाती है। मध्य रेलवे में भी ऐसी एक वारदात हुई है, जिसमें कर्मचारियों के पीएफ अकाउंट से छेड़छाड़ कर 65 लाख रुपये का गबन किया गया है। इस मामले में मुंबई डिविजन रेलवे सुरक्षा बल ने सतीश अग्रवाल नाम के रेल कर्मचारी को गिरफ्तार किया है, जिसने पूरी वारदात को अंजाम दिया।

घोटाले से पीड़ित एक रेल कर्मचारी ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि लेखा अनुभाग में कार्यरत सतीश अग्रवाल ने उनके पीएफ अकाउंट से छेड़छाड़ कर 15 लाख रुपये निकाल लिए। पीड़ित के अनुसार अग्रवाल ने अपनी ग्वालियर प्रॉपर्टी बिक जाने की बात कहकर बताया कि उसका पैसा ज्यादा अमाउंट में है, इसलिए पीड़ित के अकाउंट में कुछ पैसा डालना पड़ेगा। पीड़ित के राजी होने के बाद कथित तौर पर अग्रवाल ने पीड़ित के घर से तीन चेक लिए और उन्हें अलग-अलग अकाउंट में डिपॉजिट कर दिया। पीड़ित के अकाउंट




में पैसा किसी प्रॉपर्टी का नहीं, उन्हीं के पीएफ अकाउंट की जमा रकम का था। यह बात पीड़ित के बैंक पहुंचने के बाद पासबुक अपडेट कराते वक्त पता चली।

पासबुक अपडेट कराने के दौरान जब पता चला कि पीड़ित के अकाउंट में पैसा मध्य रेलवे की ओर से जमा हुआ, तो उसे शक हुआ। पीड़ित द्वारा अग्रवाल से पूछने पर उसने बताया कि भरोसा रखो, अकाउंट में कुछ सेटिंग करके ऐसा किया है, पैसा प्रॉपर्टी का ही है। पीड़ित मान गया। इसी दौरान सतीश अग्रवाल का ट्रांसफर अन्य विभाग में हो गया।

सतीश अग्रवाल के स्थान पर आए दूसरे अधिकारी को विभाग के इंटिग्रेटेड परोल ऐंड अकाउंटिंग सिस्टम (कढअर) में गड़बड़ियां दिखाई दीं। और जांच करने पर पता चला कि सतीश अग्रवाल ने अपने ही पीएफ अकाउंट की बैक डेट में जाकर जमा रकम का अमाउंट बढ़ा दिया। इतना ही नहीं, उस रकम को उसने पीएफ अकाउंट से अडवांस उठाने के लिए क्लेम भी कर लिया। सतीश अग्रवाल ने पीड़ित के अकाउंट के साथ भी ऐसा ही किया। पीड़ित की ओर से अडवांस पीएफ उठाने की फर्जी अर्जी भी प्रोसेस कर दी। इस अर्जी की साइनिंग अथॉरिटी भी सतीश अग्रवाल था। इसी तरह एक रेलवे के एक रिटायर्ड कर्मचारी और एक मौजूदा कर्मचारी की पत्नी के नाम पर फर्जी अकाउंट बनाकर उनके पीएफ अकाउंट में भी छेड़छाड़ की।

रेलवे के कर्मचारी जो एमआरवीसी, डीएफसीसीएल या एनएचआरसीएल जैसे विभागों में डेप्युटेशन पर चले जाते हैं उनका पीएफ अलग से रेलवे के अकाउंट में जमा होता रहता है।

## यूपी में 'तान्हाजी' टैक्स फ्री, महाराष्ट्र में भी मांग

**लखनऊ/मुंबई।** छत्रपति शिवाजी महाराज के परममित्र और मराठा सरदार तान्हाजी मालुसरे के जीवन पर बनी फिल्म 'तान्हाजी-द अनसंग वॉरियर' को उत्तर प्रदेश में टैक्स फ्री कर दिया गया है। बता दें कि फिल्म को टैक्स-फ्री किए जाने की मांग काफी पहले से की जा रही थी जिसे मान लिया गया है। वहीं, महाराष्ट्र में भी इसे टैक्स फ्री करने की मांग की जा रही है।

सरकार की ओर से जानकारी दी गई है कि तान्हाजी की वीरता और उनके त्यागपूर्ण जीवन से प्रेरणा प्राप्त कर सकें, इसलिए सीएम ने यह फैसला किया है। बताया गया है कि फिल्म के को-प्रड्यूसर और ऐक्टर अजय देवगन ने सीएम से इसके लिए अनुरोध किया था।

वहीं, महाराष्ट्र बीजेपी ने भी फिल्म को टैक्स-फ्री करने की मांग की है। राज्य बीजेपी के अध्यक्ष मंगल प्रभात लोढ़ा ने कहा है कि तानाजी मालुसरे छत्रपति शिवाजी महाराज के परम मित्र थे। उनको 1670 में सिंहगढ़ की लड़ाई के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है, जहां उन्होंने मुगल किला रक्षक उदयभान राठौर के खिलाफ अपनी आखिरी सांस तक लड़ाई लड़ी थी, जिसने मराठाओं के विजय के मार्ग को प्रशस्त किया था। तान्हाजी के साथ ही रिलीज हुई ऐसिड अटैक सर्वाइवर्स की कहानी पर आधारित फिल्म 'छपाक' विवादों में घिर गई।

## सप्ताह के अंत में लुढ़केगा पारा!

**मुंबई।** मौसम में बदलाव के बीच सप्ताह के अंत तक फिर से तापमान में गिरावट दिख सकती है। मौसम विभाग से मिली जानकारी के अनुसार, 16-18 जनवरी के बीच महाराष्ट्र सहित मुंबई के तापमान में गिरावट हो सकती है। पिछले कई दिनों से मौसम में बदलाव जारी है, कभी तापमान में बढ़ोतरी तो कभी अचानक से तापमान में बड़ी गिरावट हो जा रही है।

# सौर ऊर्जा से महाराष्ट्र कॉलेज ने बचाए 15 लाख रुपये

**मुंबई।** शैक्षणिक संस्थान सिर्फ विद्यार्थियों को शिक्षा ही नहीं देते हैं, बल्कि कई बार वे अपनी अनोखी पहल से दूसरे संस्थानों के लिए प्रेरणास्रोत भी बन जाते हैं। ऐसा ही संस्थान है दक्षिण मुंबई के नागपाडा स्थित महाराष्ट्र कॉलेज ऑफ आर्ट्स, साइंस ऐंड कॉमर्स। इस शैक्षणिक संस्थान ने कॉलेज के छत पर सौर ऊर्जा का उपकरण लगाकर 14 लाख 70 हजार रुपये की बचत की है।

कॉलेज को उम्मीद है कि सौर ऊर्जा पद्धति स्थापित करने पर जितने रुपये खर्च हुए हैं, उससे पांच गुना राशि बिजली पर होने वाले खर्च से बचत कर लेगा। कॉलेज के प्रिंसिपल सिराजुद्दीन चौगुले कहते हैं, 'एक तरफ मुंबई जैसे महानगर में बिजली की खपत बहुत है, तो दूसरी तरफ देश और राज्य के अन्य इलाकों में बिजली की सही



तरीके से आपूर्ति नहीं हो पा रही है। ऐसे में बिजली उत्पन्न करने को लेकर कुछ पहल बड़े सोसायटी और शैक्षणिक संस्थानों को भी करना चाहिए। इन्हीं सब बातों को ध्यान में रखकर दो चरण में प्रबंधन ने कॉलेज के छत पर सौर ऊर्जा उपकरण लगाने का फैसला लिया।'

पहले चरण में 2017 में कॉलेज की छत पर 150 सौर ऊर्जा उपकरण स्थापित किए गए। खैरुल इस्लाम हायर एजुकेशन कॉलेज को इन उपकरणों का प्रत्यक्ष रूप से लाभ दिखा। इसके बाद दूसरे चरण में कॉलेज के छत पर 100 उपकरण स्थापित किए गए हैं। दोनों ही चरण से अब तक कॉलेज को 14 लाख 70 हजार रुपये की बचत हुई है।

कॉलेज के प्रिंसिपल के मुताबिक, सौर ऊर्जा उपकरण से निर्मित होने वाली ऊर्जा का कॉलेज सीधे उपयोग नहीं करता है। शहर में बेस्ट बिजली आपूर्ति करती है। इसीलिए सौर ऊर्जा उपकरण से निर्मित होने वाली ऊर्जा को बेस्ट संरक्षित करती है। वही इस बिजली का उपयोग भी करती है। इस उपकरण से जितनी यूनिट बिजली उत्पन्न होती है, बेस्ट कॉलेज द्वारा उपयोग किए गए बिजली यूनिट

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प ) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे बोले- सही से काम कर रही है 'तिपहिया' सरकार

**मुंबई।** महाराष्ट्र के पूर्व सीएम देवेंद्र फडणवीस के तंज पर पलटवार करते हुए उद्धव ठाकरे ने कहा कि उनकी 'तिपहिया सरकार' सही से काम कर रही है। बता दें कि इससे पहले बीजेपी नेता देवेंद्र फडणवीस ने राज्य सरकार पर तंज कसते हुए सत्तारूढ़ महाविकास अघाड़ी को 'तिपहिया सरकार' कहा था।

बीजेपी नेता ने शिवसेना की उसके वैचारिक विरोधी रहे कांग्रेस तथा एनसीपी के साथ सरकार की तुलना हाल ही में तिपहिया ऑटो रिक्शा से की थी और इसकी स्थिरता को लेकर संशय जताया था। ठाकरे ने कहा कि हमारी आलोचना हुई कि हमारी सरकार तिपहिया वाहन की तरह है। कोई



बात नहीं। हमारी सरकार तिपहिया वाहन है, लेकिन महत्वपूर्ण बात यह है कि यह सही से चल रही है।

ठाकरे ने कहा कि वाहन चलाते समय उसका संतुलन महत्वपूर्ण होता है, फिर चाहे दोपहिया वाहन हो या तिपहिया हो। धचके तो चार पहिया वाहन में भी लगते हैं। मुख्यमंत्री दक्षिण मुंबई के नरीमन प्वाइंट स्थित एनसीपीए में 31वें सड़क सुरक्षा सप्ताह के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। सड़क सुरक्षा के महत्व को रेखांकित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इसे केवल एक सप्ताह तक सीमित नहीं रखने के बजाय जीवन भर का मिशन बनाया जाना चाहिए।

# सोमैया ने सीसीए पर स्कूल के खिलाफ नोटिस पर महाराष्ट्र सरकार की आलोचना की

**मुंबई।** भाजपा नेता किरीट सोमैया ने महाराष्ट्र सरकार पर सोमवार को आरोप लगाया कि उसने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर शहर के एक स्कूल को नोटिस जारी किया है। भाजपा नेता ने ट्विटर पर सरकार के इस कदम की निंदा भी की। सोमैया ने कहा, यह दुखद है कि ठाकरे सरकार ने सीएए पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने के लिए मुम्बई के दयानंद स्कूल के खिलाफ नोटिस जारी किया। सीएए को संसद ने पारित किया है। राष्ट्रपति ने इसे मंजूरी दी है। अब इसे क्रियान्वित करने का काम भी शुरू हो गया है। हम महाराष्ट्र की



शिवसेना, राकांपा, कांग्रेस सरकार के इस कदम की निंदा करते हैं। इस कानून को लेकर देशभर में विरोध प्रदर्शन किए जा रहे हैं क्योंकि उनका कहना है कि पहली बार धर्म के आधार पर नागरिकता मुहैया कराई जा रही है जो संविधान के मौलिक सिद्धांत का उल्लंघन है। वहीं भाजपा का कहना है कि पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के अल्पसंख्यकों के पास धार्मिक प्रताड़ना की स्थिति में भारत आने के अलावा कोई और रास्ता नहीं है। सीएए के तहत हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी और ईसाई समुदाय के जो लोग धार्मिक प्रताड़ना के कारण पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से 31 दिसंबर, 2014 तक भारत आ गए थे, उन्हें भारतीय नागरिकता दी जाएगी।

# रोड के अटके हुए कई कामों का रास्ता साफ, बीएमसी ने दी हरी झंडी

**मुंबई।** इस सीजन में अटके हुए रोड के कई कामों को मंजूरी का रास्ता साफ हो गया है। ठेकेदारों के साथ भुगतान विवाद के बाद बीएमसी ने कई सड़कों के निर्माण को हरी झंडी दे दी है, जिसे स्थायी समिति की बैठक में मंगलवार को मंजूरी के लिए पेश किया जाएगा। हालांकि, कई टेंडर पर पैसे को लेकर मामला तय न होने के चलते उनकी फिर से प्रक्रिया की जाएगी। इससे मॉनसून से पहले कई सड़कों का काम होने की उम्मीद है। इसमें गोरेगांव, कांदिवली, मालाड और बोरिवली की सड़कें शामिल हैं।

बीएमसी ने कई रोड निर्माण के लिए टेंडर निकाले थे। प्रशासन द्वारा ठेकेदार को 60-40 के अनुपात में यानी 60 प्रतिशत काम के बाद और 40 प्रतिशत देखरेख के 5 या 10 साल की अवधि में पैसा देने का निर्णय लिया। जिसका ठेकेदारों ने जोरदार विरोध किया। इसके चलते ठेकेदारों ने काफी ऊंची दरों पर ठेके भरे गए। बाद में बातचीत के बाद जिन ठेकेदारों ने 10 प्रतिशत ज्यादा तक काम करने पर सहमति जताई, उनके टेंडर मंजूरी के लिए भेजे गए हैं। इसी तर्ज पर कुछ अन्य टेंडर भी मंजूरी के लिए जल्द लाए जाएंगे। ज्यादा दरें वाले कई काम का टेंडर फिर से निकाला जाएगा।

दक्षिण विभाग में कुल 5 सड़कें हैं। जिनके निर्माण की मंजूरी मिली है। उसमें अहिंसा मार्ग (खंडू भंडारी चौक से लिंक रोड गोरगांव पश्चिम),वालभट मार्ग (जवाहर नगर से पारसी पंचायत मार्ग) गोरेगांव पूर्व, गोरेगांव -मुलुंड लिंक रोड से एमटीएनएल पल के नीचे से गोरेगांव पश्चिम, जेपी मार्ग -2 गोरेगांव पूर्व और गणेश नगर (सार्वजानिक प्रसाधन गृह से उसवाला मार्ग संगम स्टॉप) शामिल है। इन सड़कों के निर्माण पर कुल 14.99 करोड़ खर्च का अनुमान है। इसी तरह आर दक्षिण क्षेत्र में स्वयंभू गणेश मंदिर रोड कांदिवली पूर्व शामिल है। इसके सीमेंट-कांक्रीटीकरण से सड़क बेहतर होगी। इस पर कुल 3.52 करोड़ रुपये से अधिक खर्च का अनुमान है। पी उत्तर विभाग की लिंक रोड, मालाड पश्चिम की सड़क के निर्माण के लिए 34.99 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।


# बीएमसी के पास आरएमसी प्लांट के लिए कोई नीति नहीं!

**मुंबई।** मुंबई में बड़े पैमाने पर इस्तेमाल होने वाले आरएमसी यानी रेडी मिक्स सीमेंट के इस्तेमाल से नालों में प्रदूषण बढ़ रहा है। इससे बीएमसी का करोड़ों रुपये का राजस्व डूब रहा है। लेकिन, बीएमसी के पास आरएमसी प्लांट को लेकर कोई नीति नहीं है। आरएमसी प्लांट के मालिकों के पास बीएमसी का ढाई से तीन हजार करोड़ रुपये का राजस्व डूब सकता है। बीएमसी विधि समिति अध्यक्ष ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि इसके दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए एक ठोस नीति बनाई जाए। मुंबई में बड़े पैमाने पर विकास और निर्माण के काम जारी हैं। इन कार्यों में ज्यादातर आरएमसी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इन प्लांट में सीमेंट बिना पानी मिलाए सीधे नालों में डाला जा रहा है। बीएमसी हर साल करोड़ रुपये नालों की सफाई में खर्च करती है, लेकिन आरएमसी के इस्तेमाल से नाला सफाई का काम बेकार हो जाता है। इससे नालों का आकर जहां कम हो रहा है, वहीं सड़क की हालत जल्दी खराब हो जाती है और वायु प्रदूषण भी बढ़ रहा है। शिवसेना नगरसेवक सचिन पडवल ने विधि समिति से पूछा कि मुंबई में कितने आरएमसी प्लांट हैं? कितने अधिकृत हैं और कितने अनधिकृत हैं? प्रशासन इनके खिलाफ क्या कार्रवाई कर रहा है? बीएमसी ने साफ किया कि इस संबंध में उनके पास कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है। इस पर शिवसेना नगरसेवक ने नाराजगी जताई। पडवल ने आरोप लगाया कि मुंबई में कई सालों से आरएमसी प्लांट चल रहे हैं, इसमें बीएमसी का ढाई से तीन हजार करोड़ रुपये का राजस्व डूब सकता है। विधि समिति की अध्यक्ष शीतल म्हात्रे ने प्रशासन को निर्देश दिया कि बीएमसी ने किस विभाग में आरएमसी प्लांट को परमिशन दी है, कौन सा विभाग राजस्व जमा करता है, किस प्लांट मालिक के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की गई, इसकी विस्तृत जांच रिपोर्ट अगली बैठक में पेश की जाए। साथ ही संबंधित के खिलाफ ठोस कार्रवाई के लिए नीति भी बनाई जाए।

# अश्लील विडियो बनाकर फेसबुक पर अपलोड करने वाला रसोइया हिरासत में, गिरोह का शक

**ठाणे।** फेसबुक मेसेंजर पर अडल्ट और बालकों के अश्लील विडियो अपलोड करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। राज्यभर में इस तरह की गतिविधि में लिप्त 19 से 20 लोगों के फेसबुक पर सक्रिय होने की बात सामने आई है। ऐसे लोग पुलिस के राडार पर हैं। इस खुलासे के बाद ठाणे ग्रामीण पुलिस ने भिवंडी स्थित चायनीज होटल के 32 वर्षीय एक रसोइये को गिरफ्तार किया है। उसके मोबाइल की छानबीन में पुलिस को कई अश्लील क्लिपिंग हाथ लगी हैं। कुछ विडियो उसने डिलीट कर दिए थे। आरोपी ने एक बच्चे की शौचालय में की गई अश्लील हरकत का विडियो बनाकर उसे फेसबुक पर अपलोड कर दिया था।

ठाणे पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी के मुताबिक, इस घटना के अलावा अन्य लोगों द्वारा इस तरह के अश्लील विडियो को फेसबुक पर अपलोड करने की जानकारी फेसबुक की तरफ से भारत सरकार के गृह विभाग को दी गई थी, जिसके बाद केंद्र सरकार की तरफ



से उक्त घटना के बारे में राज्य सरकार के संबंधित विभाग को सूचित किया गया था। राज्य सरकार की तरफ से पुलिस विभाग को मामले की छानबीन करने का आदेश जारी किया गया। इसी आदेश के तहत ठाणे ग्रामीण पुलिस की मेहनत रंग लाई और कुक को पकड़ा गया। गिरफ्तार रसोइया मूल रूप से दार्जिलिंग का निवासी है।

फेसबुक की तरफ से इस तरह के लोगों के मोबाइल के आईपी अड्रेस मुहैया कराए गए हैं। आईपी एड्रेस के जरिये ठाणे ग्रामीण पुलिस के सायबर सेल ने युवक के मोबाइल के सीडीआर को निकाला और उसके लोकेशन को ट्रेस किया। पकड़ा गया रसोइया भिवंडी के पडघा के वाहुली गांव स्थित एक होटल में पिछले एक साल से काम कर रहा था। पुलिस पूछताछ में युवक ने माना कि उसने दार्जलिंग निवासी अपने एक दोस्त को फेसबुक के जरिये उक्त क्लिपिंग भेजी थी। पुलिस ने उसके मोबाइल फोन में अन्य अश्लील क्लिपिंग को जब्त किया है।

पुलिस की छानबीन में पता चला कि युवक ने 28 अप्रैल 2019 को उक्त क्लिपिंग फेसबुक पर अपलोड की थी। युवक को ठाणे जेल में न्यायिक हिरासत में रखा गया है। ठाणे ग्रामीण पुलिस के सायबर सेल के पीआई केशव नाईक के मार्गदर्शन में पुलिस तकनीकी आधार पर जांच कर रही है। नाईक के अनुसार, मुंबई के अलावा अन्य कुछ राज्यों की पुलिस ऐसे बाकी लोगों का पता लगा रही है।

# दाऊद और छोटा राजन से है लकड़ावाला को जान का खतरा

## आर्थर रोड जेल ने कोर्ट को लिखा लेटर

**मुंबई।** मुंबई को आर्थर रोड जेल अथॉरिटी को इस बात की आशंका है कि अंडरवर्ल्ड डॉन दाऊद इब्राहिम और छोटा राजन के गुर्गे एजाज लकड़ावाला पर हमला कर सकते हैं। ऐसे में जेल अथॉरिटी ने चीफ मेट्रोपॉलिटन कोर्ट और मुंबई पुलिस को पत्र लिखकर है कि एजाज लकड़ावाला (50) को सेंट्रल मुंबई (आर्थर रोड) की जेल में न भेजा जाए, क्योंकि उन्हें डर है कि यहां बंद दाऊद या छोटा राजन के गुर्गे उस पर हमला कर सकते हैं। बता दें कि पिछले बुधवार को पटना में मुंबई पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए लकड़ावाला को 21 जनवरी तक पुलिस कस्टडी में रखा गया है। आर्थर रोड जेलर ने अपने पत्र में कहा कि इस बात की आशंका है कि लकड़ावाला पर विरोधी गैंग के लोग हमला कर सकते हैं और ऐसे में जेल के अंदर लॉ ऐंड ऑर्डर लागू होना चाहिए। बता दें कि लकड़ावाला शुरूआत में मुंबई में दाऊद गैंग का सदस्य था लेकिन बाद में वह राजन गैंग में शामिल हो गया और छोटा राजन के कहने पर 1993 ब्लास्ट के एक




आरोपी राजी को मार दिया था। बाद में उसने राजन का गैंग भी छोड़ दिया और 2001 से खुद ही अपराध की दुनिया का काम देख रहा था। दाऊद के करीबी छोटा शकील ने 2003 में बैंकॉक में लकड़ावाला पर हमला किया था। उसे कुछ चोटें भी आईं लेकिन वह बच गया और नेपाल में रहने लगा जहां से वह अक्सर पटना आता-जाता था। मुंबई में वसूली के कई मामलों में उसका नाम आ चुका है। सुरक्षा कारणों से लकड़ावाला को तलोजा जेल में भेजने की गुजारिश करते हुए जेलर ने आर्थर रोड जेल में ओवरक्राउडिंग का मुद्दा भी उठाया।

**जेल में ओवरक्राउडिंग की समस्या**

जेलर ने लिखा कि ओवरक्राउडिंग की वजह से जेल के बाहर भी बड़ी समस्या है। उन्होंने लिखा, अंडरट्रायल कैदियों को कोर्ट में सुनवाई और मेडिकल परीक्षण के लिए लाने-ले जाने में काफी मुश्किल हो जाता है और जगह की कमी की वजह से अक्सर हो-हल्ला मचता है। इसके अलावा कैदियों की आपसी लड़ाई से जान का खतरा भी है। यह काफी गंभीर सुरक्षा कारण है।

## झील किनारे कंबल में लिपटे मिले दो दुधमुंहे बच्चे, जांच में जुटी पुलिस टीम



**पुणे।** मंगलवार सुबह महाराष्ट्र के पुणे की पाषाण झील के पास दो दुधमुंहे बच्चे बरामद हुए हैं। इनमें सेक लड़की और एक लड़का शामिल है। दोनों संभवतः जुड़वां बताएं जा रहे हैं। फिलहाल दोनों को पाषाण के एक हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है। फिलहाल दोनों की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की सहायता से उन्हें यहां छोड़ने वालों की तलाश कर रही है। जानकारी के मुताबिक, झील के किनारे मॉर्निंग वाक पर गए लोगों को एक कंबल में लिपटे हुए थे और भूख के कारण रो रहे थे। फिलहाल पाषाण पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। दोनों बच्चों को चाइल्ड वार्ड के एनआईसीयू में एडमिट करवाया गया है। उनके कपड़ों को देख कर अंदाजा लगाया जा रहा है कि वे किसी अच्छे घर से हैं और उन्हें जानबूझकर वहां छोड़ा गया है।

## राज कपूर की बेटी और श्वेता बच्चन की सास ऋतु नंदा का निधन

**मुंबई।** राज कपूर की बेटी और श्वेता बच्चन की सास ऋतु नंदा का मंगलवार को 71 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। दिग्गज अभिनेता अमिताभ बच्चन ने अपने ब्लॉग पर और नीतू कपूर ने सोशल मीडिया पर नंदा के निधन का समाचार साझा किया। खबरों के अनुसार नंदा पिछले कुछ सालों से कैंसर से लड़ रही थीं। बच्चन ने लिखा, मेरी समधन और श्वेता की सास ऋतु नंदा का अचानक तड़के 1.15 बजे निधन हो गया। नंदा के छोटे भाई ऋषि कपूर की पत्नी नीतू ने इंस्टाग्राम



पर नंदा को अंतिम प्रणाम किया। उन्होंने नंदा के साथ अपनी फोटो लगाकर लिखा, मेरी प्रिय तुम्हारी आत्मा को शांति मिले। राज और कृष्णा कपूर की पांच संतानों में दूसरी संतान नंदा का जन्म 30 अक्टूबर 1948 को हुआ था। उन्होंने अपने तीनों भाइयों रणधीर, ऋषि और राजीव की तरह फिल्मों में काम नहीं किया। ऋतु नंदा की शादी राजन नंदा से हुई थी। उनके बेटे निखिल की शादी अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता से हुई थी। नंदा की बेटी का नाम नताशा है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

**वानखेड़े में भारत-ऑस्ट्रेलिया वनडे मैच के बीच सीएए का विरोध**

विरोध करने वाले इन दर्शकों ने कहा कि हमें सिर्फ इस बात का अफसोस है कि कई दिनों से हो रहे प्रदर्शनों के बीच पीएम नरेंद्र मोदी ने एक बार भी छात्रों से बात नहीं की। हम अपने पीएम से बात नहीं कर पा रहे। हम इसलिए ही विरोध करने गए, कि पीएम नरेंद्र मोदी हमसे बात करें। पीएम नरेंद्र मोदी बड़े लोगों को बुलाते हैं तो उनकी छात्रों से क्या नाराजगी है। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि पीएम ने नोटबंदी से लेकर अब तक कई बयान दिए, लेकिन काम नहीं किया। पीएम अब 2014 के पीएम नहीं हैं और अब काम करने का वक्त है। इन लोगों ने यह भी कहा कि पीएम अगर चाहें तो वह अपने आवास पर छात्रों की एक बैठक कर हमसे बात करें, जिसमें हम उन्हें बता सकें कि यह कानून हमारे देश को कैसे कमजोर कर रहे हैं। बता दें कि देश के कई हिस्सों में बीते कई दिनों से नागरिकता कानून और एनआरसी का खुलकर विरोध हो रहा है। बीते कुछ दिनों में विश्वविद्यालयों और कॉलेजों के कई छात्र इन मुद्दों पर सड़क पर उतर चुके हैं। वहीं दिल्ली समेत तमाम हिस्सों में हुए हिंसक प्रदर्शनों के कारण कई लोगों की जान भी जा चुकी है। नागरिकता संशोधन कानून और सीएए के खिलाफ हो रहे प्रदर्शन के बीच लोग इसे वापस लेने की मांग कर रहे हैं।

**दिल्ली चुनावः आप ने 70 सीटों के लिए उम्मीदवारों का ऐलान किया**

चुनाव आयोग ने 7 जनवरी को दिल्ली विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान किया था। दिल्ली में 8 फरवरी को वोटिंग होगी और 11 फरवरी को नतीजा आएगा। इसके साथ ही दिल्ली में आचार संहिता भी लागू हो गई है। 2015 में हुए विधानसभा चुनाव में आम आदमी पार्टी को 70 में से 67 सीटें मिली थीं। भाजपा ने 3 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिल सकी थी। 2015 में चुनाव आयोग ने 12 जनवरी को दिल्ली चुनाव की घोषणा की थी, 7 फरवरी को मतदान हुआ था और 10 फरवरी को नतीजे आए थे।

**महाराष्ट्र में दिल्ली का शिक्षा मॉडल?**

उपमुख्यमंत्री अजित पवार ने खुद सोशल मीडिया पर बैठक की तस्वीरें साझा करके इसका जिक्र करते हुए लिखा, दिल्ली के विकसित सरकारी स्कूलों के आधार पर मुंबई, पुणे, नागपुर पिंपरी, चिंचवड और नवी मुंबई महानगरपालिका के तहत आने वाले सरकारी स्कूलों का विकास किया जाए। अजित पवार के बयान को आम आदमी पार्टी (आप) के समर्थकों ने लगातार आगे बढ़ाया और खुद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री ने इस पर अपनी बात रखी। दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने बयान देते हुए कहा, अच्छी बात है कि दूसरे राज्य दिल्ली के शिक्षा मॉडल को अपना रहे हैं और आज ही नहीं आने वाले 5 सालों में भी हम उन राज्यों की पूरी मदद करेंगे जो दिल्ली के शिक्षा मॉडल को अपने राज्यों में अपनाना चाहते हैं। उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने कहा कि उन राज्यों को बिल्कुल शून्य से शुरूआत करने की जरूरत नहीं है क्योंकि दिल्ली में बदलाव को लेकर जो स्टडी हुई है उससे उन राज्यों को काफी फायदा होगा। मनीष सिसोदिया का दावा है कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों के बाद कई राज्यों ने दिल्ली के शिक्षा और स्वास्थ्य मॉडल को अपने राज्यों में लागू करने की इच्छा जताई है। दिलचस्प यह है कि महाराष्ट्र में शिवसेना और एनसीपी के साथ कांग्रेस भी गठबंधन सरकार का हिस्सा है और दिल्ली में वह केजरीवाल के शिक्षा मॉडल पर सवाल उठाती रही है। दूसरी ओर दिल्ली में विधानसभा चुनाव की दहलीज पर तैयारी कर रही आम आदमी पार्टी को अजित पवार के बयान से बड़ा हथियार हाथ लग गया है।

**गोल्ड की कीमत में भारी गिरावट**

गौरतलब है कि अमेरिका-ईरान तनाव के बीच 8 जनवरी को दिल्ली सराफा बाजार में सोना 42,080 प्रति 10 ग्राम के ऐतिहासिक स्तर पर पहुंच गया था। यानी इसमें एक हफ्ते में ही इसमें 2,000 रुपये की गिरावट आ चुकी है। इसी प्रकार एमसीएक्स पर मंगलवार को सिल्वर फ्यूचर कारोबार 46,060 प्रति किलोग्राम का हुआ और इसमें 0।82 फीसदी की गिरावट आई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में भी हाजिर कारोबार का सोना 0।6 फीसदी गिरकर 1,538।76 डॉलर प्रति औंस तक पहुंच गया। कारोबारियों का कहना है कि सकारात्मक अंतरराष्ट्रीय संकेतों की वजह से सोने की कीमतों में गिरावट आई है। गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने यह संकेत दिया है कि 15 जनवरी को चीन के साथ पहले चरण का एक अंतरिम व्यापार समझौता किया जा सकता है। पिछले हफ्ते अमेरिका और ईरान के बीच तनातनी से सोने के बाजार में उथल-पुथल मच गया।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर | 7

# फांसी में 8 दिन बाकी

## निर्भया के दो दुष्कर्मियों की क्यूरेटिव पिटीशन भी सुप्रीम कोर्ट में खारिज

### चारों गुनहगारों को 22 जनवरी को फांसी दी जाएगी



नई दिल्ली। निर्भया गैंगरेप केस में फांसी की सजा पाए 4 दोषियों में शामिल विनय शर्मा और मुकेश सिंह ने क्यूरेटिव पिटीशन दायर की थी। इसे भी सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच ने मंगलवार को खारिज कर दिया। इससे पहले दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने पिछले हफ्ते दोषी अक्षय ठाकुर (31), पवन गुप्ता (25), मुकेश सिंह (32) और विनय शर्मा (26) का डेथ वॉरंट जारी किया था। अदालत ने चारों दोषियों को एक साथ 22 जनवरी की सुबह 7 बजे फांसी पर लटकाने का वक्त मुकर्रर किया है। हालांकि, दोषी विनय शर्मा और मुकेश सिंह के पास अब सिर्फ राष्ट्रपति के पास दया याचिका भेजने का विकल्प बचा है। बाकी 2 दोषी अक्षय ठाकुर और पवन गुप्ता के पास क्यूरेटिव पिटीशन और दया याचिका के 2 विकल्प बाकी हैं। उधर, तिहाड़ जेल में फांसी की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। निर्भया की मां आशा देवी ने कहा- यह मेरे लिए बड़ा दिन है। मैं बीते 7 सालों से संघर्ष कर रही हूं। मगर सबसे बड़ा दिन 22 जनवरी को होगा जब दोषियों को फांसी के फंदे पर लटकाया जाएगा।

### यह प्रक्रिया फांसी से पहले की रिहर्सल मानी जाती है

रविवार को दोषियों की डमी को फांसी दी गई थी। यह प्रक्रिया फांसी से पहले की रिहर्सल मानी जाती है। इसके लिए पत्थरों और मलबे से चारों दोषियों की डमी उनके वजन के हिसाब से तैयार की गई थी। हालांकि, इस प्रक्रिया के लिए जल्लाद नहीं बुलाया गया और जेल अधिकारियों ने ही इस प्रक्रिया को अंजाम दिया था।

### वारदात के 2578 दिन बाद डेथ वॉरंट जारी हुआ था

चारों दोषियों को जेल नंबर 3 में फांसी दी जाएगी। तीन दोषी जेल नंबर 2 में रखे गए हैं और एक को जेल नंबर 4 में रखा गया है। निर्भया के केस में वारदात के 2578 दिन बाद डेथ वॉरंट जारी हुआ था। निर्भया गैंगरेप के नौ महीने बाद यानी सितंबर 2013 में निचली अदालत ने दोषियों को फांसी की सजा सुनाई थी।

### मेरठ के जल्लाद पवन सभी दोषियों को फांसी पर लटकाएंगे

जल्लाद पवन चारों दोषियों को फांसी के फंदे पर लटका कर दादा का रिकॉर्ड तोड़ेंगे। दोषियों को 22 जनवरी की सुबह 7 बजे फांसी पर दी जाएगी। मेरठ के पवन का परिवार चार पीढ़ियों से जल्लाद का काम कर रहा है। पवन ने कहा, मैं एक साथ अपनी जिंदगी की पहली फांसी में चार-चार मुजरिमों को टांगने वाला हूं।

# सी.ए.ए. पर प्रदर्शन....



## दिल्ली पुलिस से नाराज हाईकोर्ट ने कहा- आप तो ऐसा बर्ताव कर रहे हैं, जैसे जामा मस्जिद पाकिस्तान में हो

- ☞ चंद्रशेखर 20 दिसंबर को जामा मस्जिद पर हुए प्रदर्शन में शामिल हुए, उन्हें 21 दिसंबर को गिरफ्तार किया गया।
- ☞ पुलिस का आरोप- चंद्रशेखर ने भड़काऊ भाषण दिया, भीम आर्मी चीफ ने कहा- इस बात का कोई सबूत नहीं।
- ☞ हाईकोर्ट ने कहा- अगर जामा मस्जिद पाकिस्तान में है तो वहां भी लोगों को शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार है।

**जामा** मस्जिद पर नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ प्रदर्शन के मामले में दिल्ली हाईकोर्ट ने पुलिस के रवैये पर मंगलवार को नाराजगी जाहिर की। दिल्ली पुलिस ने जब कोर्ट से कहा कि किसी भी प्रदर्शन के लिए इजाजत की जरूरत होती है। इस पर जज कामिनी लाऊ ने कहा, कैसी इजाजत? आप ऐसे व्यवहार कर रहे हैं, जैसे जामा मस्जिद पाकिस्तान में हो। अगर जामा मस्जिद पाकिस्तान में है, तो भी नागरिक वहां शांतिपूर्ण प्रदर्शन कर सकते हैं। लोग सड़कों पर इसलिए हैं, क्योंकि जो संसद में कहा जाना चाहिए, वह नहीं कहा जाता।' हाईकोर्ट भीम आर्मी के प्रमुख चंद्रशेखर रावण की याचिका पर सुनवाई कर रही थी। चंद्रशेखर को 21 दिसंबर 2019 को दरियागंज इलाके से सीएए के खिलाफ प्रदर्शन के दौरान गिरफ्तार किया गया था। पुलिस का आरोप है कि चंद्रशेखर ने भड़काऊ बयान दिए, जिसके बाद प्रदर्शन के दौरान हिंसा हुई।

हालांकि, चंद्रशेखर ने अपनी याचिका में कहा कि इस बात के कोई सबूत नहीं हैं। वे फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं। आरोपों के संदर्भ में कोई सबूत पेश न कर पाने पर हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से नाराजगी जाहिर की। अदालत बुधवार को इस मामले पर सुनवाई करेगी।

20 दिसंबर, 2019 को जामा मस्जिद इलाके में जुमे की नमाज के बाद भीड़ ने नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ प्रदर्शन किया था। भीम आर्मी जंतर-मंतर तक मार्च निकालना चाहती थी, लेकिन पुलिस ने उसे इसकी इजाजत नहीं दी। दिनभर शांतिपूर्ण ढंग से हुआ प्रदर्शन शाम होते-होते उग्र हो गया। पुलिस ने 21 दिसंबर, 2019 की सुबह चंद्रशेखर आजाद को गिरफ्तार कर लिया था।

### हाईकोर्ट की तल्ख टिप्पणियां

**पाकिस्तान में भी प्रदर्शन कर सकते हैं**

हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस से कहा- आप इस तरह व्यवहार कर रहे हैं, जैसे जामा मस्जिद पाकिस्तान में हो। अगर ऐसा है, तो आप वहां भी जाकर प्रदर्शन कर सकते हैं। वह अविभाजित भारत का हिस्सा है।

**अपने देश को तबाह नहीं कर सकते**

जज कामिनी लाऊ ने कहा- संसद के भीतर जो बातें कही जानी चाहिए, वह नहीं कही जाती हैं और इसीलिए लोग सड़कों पर उतरते हैं। हमारे पास अपने विचार जाहिर करने का पूरा अधिकार है, लेकिन हम अपने देश को तबाह नहीं कर सकते हैं।

**क्या आपने संविधान पढ़ा है**

जज कामिनी लाऊ ने कहा- मुझे कोई भी ऐसी चीज या ऐसा कानून बताइए, जो इस तरह के जमावड़े को रोकता हो। हिंसा कहां हैं? कौन कहता है कि आप प्रदर्शन नहीं कर सकते.. क्या आपने संविधान पढ़ा है। प्रदर्शन नागरिक का संवैधानिक अधिकार है।

## पायलट ने मां के लिए व्हीलचेयर मांगने पर यात्री को जेल भिजवाने की धमकी दी, ड्यूटी से हटाया गया

**चेन्नई-बेंगलुरु** फ्लाइट में महिला यात्री को धमकाने और बुरा व्यहवार करने वाले पायलट को इंडिगो एयरलाइंस ने ड्यूटी से हटा दिया है। पायलट ने महिला यात्री को तब जेल भिजवाने की धमकी दी थी, जब उसने अपनी 75 वर्षीय मां के लिए व्हीलचेयर की डिमांड की थी। इस बात की शिकायत यात्री ने ट्वीट पर की थी। सुप्रिया उन्नी नायर ने बताया- मैं सोमवार रात चेन्नई से बेंगलुरु जा रही फ्लाइट में यात्रा कर रही थीं। मां शुगर की मरीज हैं और जब मैंने उनके लिए व्हीलचेयर की डिमांड की तो पायलट ने मेरे साथ बुरा बर्ताव किया और जेल भिजवाने की धमकी दी। जब बेंगलुरु एयरपोर्ट पर मां के लिए व्हीलचेयर लाई गई, तब भी पायलट ने उन्हें विमान से जाने से रोका। केंद्रीय नागरिक उड्ड्यन मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा- सुप्रिया के साथ पायलट द्वारा किए गए गलत व्यवहार के बारे में जानकारी मिली। मैंने अपने कार्यालय को इंडिगो से जल्द संपर्क करने के निर्देश दिए। एयरलाइन ने हमें बताया कि जांच पूरी होने तक पायलट को ड्यूटी से हटा दिया गया है।


दिल्ली में विशाल स्तर पर दूसरी बार
ममतामयी ॥श्री राधे माँ॥ द्वारा





निशक्तजनों को बेहतर जीवन जीने में सहयोग के लिए आवश्यक साधन एवं उपकरणों का मुफ़्त वितरण

मंगलवार, 3 मार्च 2020 प्रातः 12:00 से सायं 6 बजे तक
वितरण स्थलः जापानी पार्क, सेक्टर-10, रोहिणी, नई दिल्ली-110085 (भारत)
पंजीकरण : दिनांक 1 से 20 फरवरी 2020 तक (प्रातः 10 से सायं 4 बजे तक)
पंजीकरण स्थलः प्लाट नं. 5, पॉकेट-11, सेक्टर-5, रोहिणी, नई दिल्ली - 110085 (भारत)
(पंजीकरण के लिए आधार कार्ड की कॉपी अनिवार्य)

ममतामयी श्री राधे माँ जी के जन्मदिन के उपलक्ष में वितरित की जाने वाली वस्तुएँ

- नेत्रहीन/जरूरतमंद लोगों के लिए फोल्डिंग बेड
- नेत्रहीन व्यक्तियों के लिए धूप के चश्मे
- दिव्यांगों के लिए ट्राई साईकिल
- शुगर/ब्लड प्रेशर मशीन एवं नेबुलाइज़र
- दिव्यांग एवं बुजुर्गों के लिए व्हीलचेयर
- नेत्रहीन विद्यार्थियों के लिए मेमोरी कार्ड
- ब्लाइंड स्टिक/स्मार्ट केन
- बुजुर्गों के लिए स्टिक
- आँगनबाड़ी के बच्चों के लिए कपड़े, किताबें एवं स्कूल के बस्ते
- स्टेनलेस स्टील के बर्तन सेट
- ऊँचा सुनने की मशीन
- आटे का ड्रम/ अन्न वितरण
- गैस चूल्हा/प्रेशर कुकर
- बैसाखियाँ/पैन ड्राइव
- नज़र के चश्मे/छत का पंखा
- जूते एवं चप्पलें

मुफ़्त स्वास्थ्य जाँच एवं रक्तदान शिविर | मंगलवार, 3 मार्च 2020 प्रातः 12:00 से सायं 6 बजे तक
स्थानः जापानी पार्क, सेक्टर-10, रोहिणी, नई दिल्ली

आयोजक :
श्री राधे माँ चैरिटेबल सोसाईटी, नई दिल्ली

| राम भज | संजीव गुप्ता | रुपेन्द्र कश्यप | मोहित सोई | नकुल गुप्ता | नंदी जी |
|---|---|---|---|---|---|
| 95608 00343 | 98200 82849 | 98110 33433 | 98121 24500 | 98180 07999 | 98209 69020 |


## जयपुर में पतंगबाजी के दौरान छत से गिरने से एक की मौत, 103 हुए घायल, 28 भर्ती

जयपुर। जयपुर सहित प्रदेशभर में पतंगबाजी के दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गई तथा सैकड़ों लोग घायल हो गए। जयपुर के मालवीय नगर में पतंग उड़ाते हुए एक व्यक्ति छत से गिर गया। परिजन उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले गए जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जयपुर के एसएमएस अस्पताल में शाम चार बजे तक 103 मामले आए। इनमें से 28 को भर्ती किया गया जबकि बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई। वहीं जयपुर में करीब 100 पक्षी भी घायल हो गए।मालवीय नगर इलाके में पतंगबाजी में एक व्यक्ति ने अपनी जान गंवा दी। मंगलवार को कमल कुंदानी पतंग उड़ाते हुए छत से गिर गया। घायल को परिजन एसएमएस हॉस्पिटल लेकर गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं पतंगबाजी के शौक में सीकर होटल से सौरभ भी छत से गिर गया, जिसका एसएमएस हॉस्पिटल के



आईसीयू वार्ड में इलाज चल रहा है। इसके अलावा ट्रोमा सेंटर में शाम चार बजे तक पतंगबाजी के दौरान होने वाले घायलों के 104 मामले आए। इनमें से 28 को भर्ती किया गया बाकी को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई।गांधी पथ वैशाली नगर में डयूटी पर आ रहे ट्रैफिक पुलिसकर्मी दिनेश कुमार चाइनीज मांझे की चपेट में आ गए। मांझे की तेजधार से उनके नाक पर चोट आई। लहूलुहान हालत में देखकर लोगों ने संभाला और हॉस्पिटल पहुंचाया। उनकी नाक पर आठ टांके आए हैं।


## रक्षा/सेना प्रमुख जनरल नरवणे ने कहा- 1965 और 1971 के युद्ध में शामिल सैनिकों को फ्रीडम फाइटर पेंशन दी जाए

**जनरल नरवणे ने कहा- पुराने सिपाही अभी भी राष्ट्रनिर्माण में जुटे हुए हैं।**
**सेना प्रमुख ने आर्म्ड फोर्सेज वेटेरेंस डे पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया**
**जनरल ने कहा : हम 1700 महिलाओं को कॉर्प्स मिलिट्री पुलिस में भर्ती करेंगे**

जयपुर। सेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे ने मंगलवार को चौथे आर्म्ड फोर्सेज वेटेरेंस डे पर आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि सेना ने यह प्रस्ताव भेजा है कि 1965 और 1971 के युद्ध में शामिल सैनिकों को फ्रीडम फाइटर पेंशन दी जाए। सेना प्रमुख चौथे आर्म फोर्स वेटरन्स डे पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा- हम सेना में महिलाओं को भी शामिल कर रहे हैं। कुल 1700 महिलाओं को कॉर्प्स मिलिट्री पुलिस में भर्ती किया जाएगा। 6 जनवरी से 101 महिलाओं की ट्रेनिंग भी शुरू हो चुकी है।

जनरल नरवणे ने कहा- रिटायरमेंट के बाद भी वेटरन्स अभी भी कई क्षेत्रों में राष्ट्रनिर्माण करने में व्यस्त हैं। वेटरन्स (पुरानी सिपाही) का कल्याण हमेशा से हमारी प्राथमिकता रहा है। बीते साल हमने 240 अधिकारियों और 11,500 जेसीओ को रिटायरमेंट के बाद नौकरी प्राप्त करने में मदद की।

बता दें चौथे आर्म्ड फोर्सेज वेटेरेंस डे के मौके पर गृह मंत्री राजनाथ सिंह, चीफ ऑफ डिफेंस बिपिन रावत और थल सेनाध्यक्ष मनोज मुकुंद नरवाने जयपुर पहुंचे थे।



## अर्हम युवा सेवा ग्रुप ने पडघा परमधाम में मनाया 'मानवता महोत्सव'

**राष्ट्रसंत** पूज्य गुरुदेव श्री नम्रमुनि महाराज साहेब की प्रेरणा से अर्हम युवा सेवा ग्रुप घाटकोपर ईस्ट विगत 10 वर्षों से समाज सेवा के विविध प्रकल्पों को साकार कर रहा हैं। इस वर्ष राष्ट्रसंत पूज्य गुरुदेवश्री के 50वें जन्म स्वर्ण 'परमोत्सव' वर्ष निमित्त अर्हम युवा सेवा ग्रुप की ओर से कल्याण के निकट वालकस विलेज के पडघा 'परमधाम आश्रम' में आदिवासी गांवों से आएं 170 से अधिक छात्रों में 'मानवता महोत्सव' मनाया गया। ध्यान साधना व प्रभु प्रार्थना से मानवता महोत्सव का शुभारंभ हुआ। बच्चों के शारीरिक, बौद्धिक व कला प्रतिभा के विकास हेतु ट्रेजर हंट के साथ-साथ विविध खेल व चित्र कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जीवरक्षा की प्रेरणा देकर गौशाला की गायों को बच्चों के हाथों से ही चारा पानी,गुड रोटी खिलाई गई।बाद में सभी बच्चों को दोपहर का 'शाही भोजन' करवाया गया। उपस्थित सभी छात्रों को आकर्षक उपहार प्रदान करने के साथ-साथ उनके खेल के लिए स्कूल शिक्षकों को किक्रेट सेट, वॉलीबॉल, बैटमिंटन सेट प्रदान किए गए। सुमधुर भक्ति कार्यक्रम के साथ बच्चों को ढेर सारी खुशियां देकर आश्रम से विदा दी। इसके बाद कंपकंपाती ठंड से राहत हेतु वहां के ग्रामवासियों में 100 से भी अधिक ब्लैंकेट का वितरण किया गया।





## नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ बिखरता विरोधी दल



अशोक भाटिया

**अब** यह साफ होने लगा है कि विपक्षी एकता केवल अपना वजूद कायम रखने व मोदी जी के हर अच्छे काम का विरोध करने के लिए है, पर यह तिस्लिम अब बिखरने लगा है। इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है हाल ही में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ बुलाई गई विपक्षी दलों की बैठक। इस बैठक से बसपा, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके और आम आदमी पार्टी ने जिस तरह किनारा किया उससे यही पता चलता है कि ये दल कांग्रेस के नेतृत्व को स्वीकार करने को तैयार नहीं। विपक्ष के इस बिखराव से यह भी स्पष्ट हो जाता है कि नागरिकता संशोधन कानून के विरोध के बहाने केवल अपनी-अपनी राजनीति चमकाने की कोशिश की जा रही है।

क्या यह विचित्र नहीं कि जो ममता बनर्जी इस कानून का विरोध करने के लिए सड़कों पर उतरने में संकोच नहीं कर रही है उन्होंने अपने किसी सांसद को भी विपक्षी दलों की इस बैठक में भेजना जरूरी नहीं समझा? विपक्षी दलों ने अपनी बैठक के बाद इस आशय का प्रस्ताव पारित किया कि नागरिकता संशोधन कानून को तुरंत वापस लिया जाए और जनसंख्या रजिस्टर यानी एनपीआर तैयार करने की पहल बंद की जाए। यह प्रस्ताव अपने आप यह बता देता है कि इस कानून के विरोध के बहाने लोगों को भ्रमित और भयभीत करने की सस्ती राजनीति की जा रही है। विपक्षी दलों और खासकर लंबे समय तक सत्ता में रही कांग्रेस को यह सामान्य जानकारी तो होनी ही चाहिए कि संसद से पारित कोई कानून इस तरह वापस नहीं होता। ऐसा होने का मतलब है कि संविधान और लोकतंत्र का उपहास उड़ना। यह प्रस्ताव तो नागरिकता कानून के विरोध में सड़कों पर उतरे उन लोगों की ही याद दिला रहा है जो यह मान बैठे है कि वे धरना देकर संविधान बचाने में लगे हुए है।

विडंबना यह है कि विपक्षी दलों के साथ मीडिया का भी एक हिस्सा ऐसे लोगों को यही घुट्टी पिला रहा है कि वे संविधान का बचाव करने में लगे हुए है।यह अंध विरोध की अतार्किक राजनीति की पराकाष्ठा ही है कि जो विपक्षी दल नागरिकता संशोधन कानून वापस लेने की मांग कर रहे है उनमें से अनेक ने इस कानून के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा भी खटखटा रखा है। आखिर वे अपनी ही याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले की प्रतीक्षा करने को क्यों नहीं तैयार? आखिर संविधान की दुहाई दे रहे विपक्षी दल यह साधारण सी बात समझने से क्यों इन्कार कर रहे है कि कानून न तो सड़कों पर बनते है और न ही वे सड़क पर खारिज होते है? सवाल यह भी है कि विपक्षी दल जिस मसले पर देश की जनता को एकजुट करना चाह रहे है उस पर खुद ही एकजुटता क्यों नहीं दिखा पा रहे है?

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# भारत को पूर्ण राष्ट्र न मानने वाले कर रहे नारेबाजी: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को बगैर नाम लिए जेएनयू छात्रों के आंदोलन पर निशाना साधते हुए कहा कि जो लोग भारत को पूर्ण राष्ट्र नहीं मानते, वही उच्च शिक्षण संस्थानों में नारेबाजी कर रहे हैं। योगी ने रविवार को 23वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव का उद्घाटन करते हुए कहा कि देश 1947 में आजाद हुआ, लेकिन उस वक्त बहुत से लोगों को गलतफहमी थी कि यह देश 1947 में ही बना।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित हो रहे युवा सम्मेलन के उद्घाटन के मौके पर सीएम योगी ने कहा, 'मैकाले की मानसिकता वाले लोगों ने इस बात को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया कि हम



राष्ट्र बनने की प्रक्रिया में हैं। कुछ लोगों ने उससे भी आगे जाकर कह दिया कि आई एम हिंदू बाई एक्सिडेंट।'

उन्होंने कहा, 'जिन लोगों को अतीत की जानकारी ही नहीं वे भारत को एक राष्ट्र मानने से इनकार करते रहे। देश के कुछ चुनिंदा उच्च शिक्षण संस्थानों में लगने वाले नारे हम सबको निरंतर कचोटते हैं। साथ ही, सचेत भी करते हैं कि इस देश के खिलाफ षड्यंत्र के अड्डे कहां पर हैं।'

योगी ने कहा कि जब दुनिया में दो देशों के बीच जंग होती थी तब अमेरिका और रूस से ही मध्यस्थता की बात कही जाती थी। लेकिन अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव में मध्यस्थता के लिए भारत के पीएम नरेंद्र मोदी के लिए आवाज उठी है। यह न्यू इंडिया है।

# मदरसे का मौलवी 6 महीने से 13 साल की लड़की का कर रहा था रेप, केस दर्ज

**पटना।** बिहार में एक बार फिर एक नाबालिग लड़की से दरिंदगी हुई है। आरोप है कि यहां शेखपुरा में एक मदरसे का मौलवी कथित तौर पर 13 साल की लड़की के साथ पिछले छह महीने से रेप कर रहा था। लड़की जब पढ़ने के लिए मदरसा जाने से मना करने लगी तब परिवार के सामने मामले का खुलासा हुआ। पुलिस ने परिवारवालों की शिकायत पर मौलवी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। फिलहाल आरोपी मौलवी फरार है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

पुलिस ने बताया, पिछले दिनों जब उसने मदरसा जाने से मना किया तो माता-पिता ने कारण पूछा। इसके बाद पीड़िता टूट गई और उसने सबकुछ सच बताया। पीड़िता ने बताया कि पिछले छह महीने से वहां पढ़ाने वाला मौलवी उसके साथ रेप कर रहा है। शेखपुरा एसपी दयाशंकर ने बताया, लड़की का बयान दर्ज कर लिया गया है। आरोपी के खिलाफ केस भी दर्ज कर लिया गया है। उसे पकड़ने के लिए एक स्पेशल टीम गठित की गई है। आरोपी मौलवी फिलहाल मदरसा नहीं आ रहा है। शेखपुरा महिला पुलिस थाने की एसएचओ यशोदा कुमारी ने बताया कि पीड़िता और उसका छोटा भाई दोनों ही मदरसे में मौलवी से पढ़ने जाते थे। करीब छह महीने पहले मौलवी ने पीड़िता को किसी चीज का लालच देकर पहली बार रेप किया। इसके बाद उसने नाबालिग के साथ कई बार रेप किया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल कराया है। उधर, पीड़िता के परिवारवालों को मौलवी के समर्थक जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। पीड़िता के पिता ने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दे दी है।

## जूता फैक्ट्री में लगी आग, दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर



**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक जूता बनाने की फैक्ट्री में आग लग गई है। यह फैक्ट्री लॉरेंस रोड पर है। बताया जा रहा है कि बिल्डिंग नंबर बी-28 में आग लगी है जिस पर काबू पाने के लिए दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर मशक्कत कर रही हैं। राहत एवं बचाव कार्य जारी है। अभी और सूचना मिलने की प्रतीक्षा है।

गौरतलब है कि दिल्ली में आग लगने की लगातार घटनाएं सामने आ रही हैं। हाल ही में अनाज मंडी इलाके में एक बिल्डिंग में लगी आग में करीब 50 लोगों की जान चली गई थी। उसके बाद भी कई जगहों पर आग लगने की घटना सामने आ चुकी है।

# निर्भया के दोषी 20 जनवरी को आखिरी बार मिलेंगे परिवार से

**नई दिल्ली।** तिहाड़ में बंद निर्भया गैंगरेप के चारों दोषियों को 20 जनवरी को उनके परिवार से आखिरी मुलाकात कराई जाएगी। इससे पहले भी अगर ये अपने परिवार में से किसी से मिलना चाहते हैं, तो वे मिल सकते हैं। आखिरी मुलाकात होने के बाद इनसे परिवार का कोई भी सदस्य नहीं मिल सकेगा। चारों को 22 जनवरी की सुबह 7 बजे फांसी पर लटकाया जाना है। इसी हिसाब से जेल प्रशासन भी तैयारी कर रहा है।

जेल सूत्रों का कहना है कि चारों में से विनय शर्मा जेल नंबर-4 में बंद है। बाकी अक्षय, पवन और मुकेश अभी जेल नंबर-2 में हैं। इन चारों को बुधवार तक फांसी के तख्ते वाली जेल नंबर-3 में शिफ्ट कर दिया जाएगा। चारों के लिए सेल में जो-जो तैयारियां की जानी थीं, वह लगभग पूरी कर ली गईं है। अब जेल प्रशासन इन्हें मंगलवार या बुधवार को जेल नंबर-3 में शिफ्ट कर देगा। इसके बाद इन्हें अन्य कैदियों के संपर्क से दूर रखा जाएगा। फिलहाल इन्हें अलग-अलग सेल में जरूर रखा गया है। लेकिन इनके आसपास अन्य कैदी भी बंद हैं। इनके लिए बनाए गए नए सेल के आसपास के सेल में जितने भी कैदी बंद हैं। उन्हें अन्य सेल में शिफ्ट किया जा रहा है, जिससे




ये चारों फांसी से पहले किसी से बात ना कर सकें। सोमवार को चारों में से किसी के भी परिवार की ओर से कोई मिलने नहीं आया।

हालांकि, जेल प्रशासन का कहना है कि यह लोग चाहें तो अपने परिवार से जेल के नियमों के हिसाब से अभी मिल सकते हैं। उस पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। लेकिन 20 जनवरी को आखिरी मुलाकात के बाद कोई भी इनसे मुलाकात नहीं कर पाएगा। इसके अलावा चारों को फांसी पर लटकाने से पहले इनके वजन जितनी डमी के और भी ट्रायल किए जाएंगे।

# शाहीन बाग: सड़क पर प्रदर्शन, बच्चे-बड़े सब परेशान

नई दिल्ली। क्या इसे विरोध कहते हैं? स्टूडेंट्स का भविष्य प्रभावित हो रहा है। हमें मालूम है कितनी देर में स्कूल पहुंचते हैं। यह कहना है उन स्टूडेंट्स का, जो शाहीन बाग में विरोध प्रदर्शन के कारण अपने स्कूल और कॉलेज घंटों सफर कर देरी से पहुंचते हैं और देर शाम को वापस घर आ रहे हैं। नोएडा में कई नामी प्राइवेट यूनिवर्सिटी, कॉलेज और स्कूलों के अलावा आईपी यूनिवर्सिटी के कई कॉलेज भी हैं। दिल्ली के हजारों बच्चे वहां पढ़ने के लिए रोज आते-जाते हैं। बाहरी और उत्तरी दिल्ली के स्टूडेंट्स कालिंदी कुंज-नोएडा रोड बंद होने से बहुत परेशान हैं।

स्टूडेंट्स रजनी और मुस्कान कहते हैं कि 3 से 4 घंटे तक जब हम सफर ही करते रहेंगे तो पढ़ेंगे कब? वे बताते हैं कि इसकी वजह से ठीक तरीके से पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं। उनके एग्जाम कुछ दिनों में शुरू होने वाले हैं। स्कूल व कॉलेज से घर आने के बाद इतना समय नहीं मिल पाता कि होम वर्क पूरा कर सके। धरेन और राहुल बताते हैं कि कालिंदी कुंज रोड बंद होने से कई स्टूडेंट्स कुछ दिन स्कूल नहीं जा सके थे। अब भी वे रेगुलर स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, क्योंकि पेपरों की तैयारी करनी है।

# विधानसभा चुनाव: इस बार 12 रिजर्व सीटों के दम पर दिल्ली फतह की तैयारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सत्ता में पिछले दो दशक से भी ज्यादा समय से राजनीतिक वनवास झेल रही बीजेपी के लिए इस बार के विधानसभा चुनाव बेहद अहम हैं। आम आदमी पार्टी (आप) को फिर से सरकार में आने से रोकने के लिए बीजेपी एड़ी-चोटी का जोर लगा रही है। अगर दिल्ली में विधानसभा के चुनावी इतिहास को खंगालें तो पता चलता है कि बीजेपी के सत्ता तक पहुंचने का रास्ता उन 12 रिजर्व सीटों से होकर गुजरेगा जो दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों में अपनी अलग अहमियत रखती है। दिल्ली में 1993 के विधानसभा चुनावों के बाद से लेकर आज तक बीजेपी सत्ता से दूर है। आंकड़ों का विश्लेषण करें तो पता चलता है कि 1998 के बाद से ही पहले कांग्रेस और उसके बाद आम आदमी पार्टी को सत्ता की चाबी का




हकदार बनाने में इन रिजर्व सीटों के वोटरों ने बेहद अहम भूमिका निभाई है।

1993 के विधानसभा चुनावों में बीजेपी ने दिल्ली की 70 में से 49 सीटों पर जीत हासिल की थी। उस वक्त दिल्ली में अनुसूचित जाति के उम्मीदवारों के लिए रिजर्व सीटों की कुल संख्या 9 थी और बीजेपी ने इनमें से 5 सीटों पर जीत हासिल की थी, लेकिन पिछले 15-20 सालों के दौरान रिजर्व सीटों पर बीजेपी का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनावों में इन सभी रिजर्व सीटों पर बीजेपी को भारी जीत मिली। जानकारों के मुताबिक, पिछले 6 महीने के दौरान दिल्ली सरकार की ज्यादातर घोषणाओं का सबसे ज्यादा लाभ इन्हीं रिजर्व सीटों पर रहने वाले लोगों को मिला है। अगर बीजेपी दिल्ली की सत्ता पर काबिज होना है तो उसे हर हाल में इन 12 रिजर्व सीटों में से ज्यादा-से-ज्यादा सीटें जीतने की कोशिश करनी होगी क्योंकि इन सभी रिजर्व सीटों पर कांग्रेस भी वापसी की कोशिशों में लगी हुई है।

आम आदमी पार्टी ने 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनाव में 12 में से 9 रिजर्व सीटों पर कब्जा किया और उसके बाद 2015 के चुनाव में सभी सीटों पर सफलता हासिल की। अगले महीने होने वाले चुनाव में पार्टी के सामने जीत के 100% रेकॉर्ड को बरकरार रखने की चुनौती है। आप ने दिल्ली चुनाव में शिक्षा सुधारों को बड़ा मुद्दा बनाया है। पार्टी का मानना है कि गरीब वर्ग, दलित समाज के बच्चों और युवाओं को आप सरकार की शिक्षा नीतियों का बहुत फायदा हुआ है। पार्टी नेताओं का कहना है कि दलित समाज के युवाओं के लिए स्किल डिवेलपमेंट की ट्रेनिंग की योजना शुरू की जाएगी।

# क्या आपको पता है जोधपुर को क्यों कहते हैं ब्लू सिटी?

जोधपुर राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा शहर है। आर्किटेक्चर और हिस्ट्री लवर्स के लिए यह शहर विजुअल ट्रीट से कम नहीं। यह शहर भारत ही नहीं बल्कि इंटरनैशनल टूरिस्ट्स का भी फेवरिट है। हाल ही में न्यू यार्क टाईम्स की 2020 की ट्रैवल लिस्ट में यह 16वीं पोजिशन पर है। घूमने, शॉपिंग करने से लेकर खाने तक इस शहर में करने के लिए बहुत कुछ है। वैसे बहुत कम लोगों को पता होगा कि इसे ब्लू सिटी भी कहते हैं। जानिए इसकी वजह साथ में यह भी आप यहां क्या-क्या कर सकते हैं।



**डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए फेमस है जोधपुर**

आपको याद दिला दें कि बॉलिवुड ऐक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा ने अपनी शादी के लिए पूरी दुनिया में इसी शहर को चुना था। उनकी शादी जोधपुर के उम्मेदभवन पैलेस में हुई थी। डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए यह जगह काफी पॉप्युलर है।

**रॉयल्टी देखने है तो आएं जोधपुर**

जोधपुर की खासियतों की बात करें तो यहां कई ऐतिहासिक इमारतें और किले हैं साथ ही यहां राजस्थानी कल्चर और रॉयल्टी की असली झलक दिखाई देती है। 15वीं शताब्दी में बना मेहरानगढ़ किला जो कि अब म्यूजियम बन चुका है यह आपको भारतीय संस्कृति और कला से रूबरू कराता है। यह देश के सबसे बड़े किलों में से एक माना जाता है।

**...इसलिए कहते हैं ब्लू सिटी**

आपको पता होगा कि जयपुर को पिंक सिटी कहते हैं लेकिन कम ही लोग जानते हैं कि जोधपुर को ब्लू सिटी भी कहा जाता है। इसकी वजह आपको यहां आने पर पता चलेगी। दरअसल आप अगर जोधपुर के पुराने मकानों की तरफ जाएंगे तो पाएंगे के ज्यादातर घर नीले रंग में रंगे हैं। मेहरानगढ़ किले से देखेंगे तो कई घर आपको नीले दिखाई देंगे।

**लोग बताते हैं यह वजह**

ये घर नीले रंग में ही क्यों हैं इसकी वजह तो पता नहीं पर कुछ लोग बताते हैं कि नीला रंग भारत में ब्राह्मण जाति से जुड़ा है और इस शहर में ब्राह्मणों के घर ही नीले रंग के हैं।

**इन जगहों पर जाना न भूलें**

आप अगर जोधपुर की ट्रिप पर हैं तो मेहरानगढ़ किला, मंडोर गार्डन, राव जोधा डेजर्ट रॉक पार्क, बालसमंद झील, कायलाना झील, घंटाघर जाना न भूलें। इसके अलावा अगर आपके पास टाइम है तो हिल स्टेशन माउंट आबू यहां से 5 घंटे की दूरी पर है आप वहां भी जा सकते हैं। अडवेंचर लवर्स के लिए भी यहां करने को बहुत कुछ है। आप यहां गहरे आसमान में चमकते सितारों के बीच नाइट कैंप भी कर सकते हैं।

**खाने के शौकीनों की जन्नत**

फूड लवर्स के लिए जोधपुर स्वर्ग से कम नहीं। यहां गुलाब जामुन की सब्जी और लाल मास काफी फेमस है। वहीं कचौरी, पानी बतासे, मखनिया लस्सी, घेवर और मालपुए का स्वाद आप जीवनभर नहीं भूलेंगे।

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लेटलतीफी कार्यालय में भारी पड़ सकती है। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतें।

**सिंह**
नौकरी में पदोन्नति के साथ स्थानांतर के योग बन रहे हैं। नए दायित्व को लेकर खुशी मिल सकती है। कोई पुरानी बीमारी अचानक उभर सकती है।

**धनु**
कार्यालय में कुछ परेशानी आ सकती है। आपकी लापरवाही से अधिकारी के आक्रोश का शिकार हो सकते हैं। अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएं।

**वृष**
मौसम की प्रतिकूलता स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है इसलिये सचेत रहें। व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रियता से हिस्सा लेंगे।

**कन्या**
कहीं से नौकरी को लेकर आकर्षक प्रस्ताव सामने आ सकता है लेकिन अपने विवेक से सोच समझकर ही निर्णय लें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल रहे हैं।

**मकर**
आपका मनमाना रवैया दूसरों को परेशानी में डाल सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। मौसम का परिवर्तन स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

**मिथुन**
कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है इसलिये सावधान रहें। आर्थिक मसलों को पारदर्शिता से निपटाएं। व्यापार में लाभ की संभावना है।

**तुला**
मेहमानों के आगमन से घर में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अपना ही आपको भ्रमित कर सकता है इसलिये सतर्क रहें। बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व दें।

**कुंभ**
परिवार के लोगों के साथ धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा के दौरान चोरी, दुर्घटना का भय भी है। बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है।

**कर्क**
कोई अनचाहा कार्य आपको परेशानी में डाल सकता है। अपने कार्य के प्रति लापरवाही ठीक नहीं है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को विवाह के मौके मिल सकते हैं। परिवार में खुशी का क्षण उपस्थित हो सकता है। मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है।

**मीन**
दिन शुभ रहेगा। आपकी सक्रियता और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। अभी कहीं यात्रा का कार्यक्रम बनाने से बचें क्योंकि समय अनुकूल नहीं है।

# पतंगों के साथ कल्चरल प्रोग्राम्स भी करें इंजॉय

अंतरराष्ट्रीय पतंग महोत्सव की मंगलवार 7 जनवरी से अहमदाबाद में शुरूआत हुई। करीब एक हफ्ते तक चलने वाले इस फेस्टिवल में देश-विदेश के हजारों टूरिस्ट पहुंच रहे हैं। इस बार 43 देशों के 153 पतंगबाज और भारत के 115 पतंगबाज इस अंतरराष्ट्रीय महोत्सव में शामिल हो रहे हैं।

**गुजरात के अलग-अलग शहरों में आयोजन**

बता दें, अहमदाबाद ही नहीं बल्कि गुजरात के अलग-अलग शहरों में काइट फेस्टिवल का आयोजन हो रहा है। जैसे 7 से 13 जनवरी के बीच अहमदाबाद में, 8 जनवरी को वडोदरा और राजकोट में, 9 जनवरी को केवड़िया और पोरबंदर में, 10 जनवरी को सूरत में, 11 जनवरी को सापूतारा और धोरडो में, 12 जनवरी को मेहसाणा में, 13 जनवरी को जामकंडोरणा में काइट फेस्टिवल सेलिब्रेट किया जा रहा है।

**कई ऐक्टिविटीज और स्टॉल्स भी लगे**

इस बार पर्यटकों के आकर्षण के लिए काफी सारी ऐक्टिविटीज भी ऑर्गनाइज की गई है। कई सारे फूड स्टॉल्स लगाए गए हैं जिनमें अलग-अलग तरह की डिशेज हैं, क्रॉफ्ट स्टॉल्स और पतंगबाजी के स्टॉल्स लगाए गए हैं।

**थीम्स के आधार पर हैं अलग-अलग स्टॉल**

चूंकि इस साल महात्मा गांधी की 150वीं जयंती मनाई जा रही है, ऐसे में यहां महात्मा गांधी की भी एक मूर्ति स्थापित की गई है। इसके अलावा स्टैच्यू ऑफ यूनिटी, सीमा दर्शन, पोलो फॉरेस्ट, गुजरात के अलग-अलग पर्यटन स्थलों और अलग-अलग थीम्स के आधार पर भी स्टॉल लगाए गए हैं।

**मिल रहीं कई सुविधाएं**

पतंगोत्सव के दौरान अलग-अलग तरह की सुविधाएं भी उपलब्ध की जा रही हैं जैसे किसी भी तरह की समस्या या दिक्कत होने पर आप हेल्प डेस्क से कॉन्टैक्ट कर सकते हैं। यही नहीं, यहां आम लोगों के लिए मेडिकल फसिलटीज, पानी के काउंटर्स जैसी कई सुविधाएं हैं। जगह-जगह पर लगे साइनबोर्ड्स की मदद से आप आसानी से सबकुछ समझ सकते हैं।

**लोकल इकॉनमी को हो रहा फायदा**

सरकार का मानना है कि काइट फेस्टिवल से लोकल इकॉनमी को काफी फायदा हो रहा है और इससे अलग-अलग तरीकों से प्रोत्साहन मिलता है। पंतगोत्सव से पतंग बनानेवाले, उसके व्यापारी और पतंग से जुड़े अन्य सामान बनानेवाले लोगों की कमाई में बढ़ोतरी हुई है।

# सानिया मिर्जा की दो साल बाद टेनिस कोर्ट पर वापसी, उतरते ही धमाकेदार जीत



**होबार्ट।** भारत की दिग्गज टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने डब्ल्यूटीए सर्किट (हळअ् १४३) में जीत से वापसी की है। 33 साल की सानिया ने मंगलवार को होबार्ट इंटरनेशनल टूर्नामेंट के महिला युगल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई।

दो साल बाद कोर्ट पर वापसी करते हुए सानिया और उनकी यूक्रेनी साथी नादिया किचेनोक ने जॉर्जिया की ओकसाना कलाशनिकोवा और जापान की मियू केटो की जोड़ी को मात दी। एक घंटे 41 मिनट तक चले मुकाबले में सानिया की जोड़ी ने 2-6 7-6 (3) 10-3 से जीत दर्ज की। अब गैरवरीय इंडो-यूक्रेनी (सानिया-नादिया) जोड़ी का अगला मुकाबला अमेरिका की वानिया किंग और क्रिस्टीना मैकहेल से होगा। इस अमेरिकी जोड़ी ने जॉर्जिना गार्सिया पेरेज और सारा सोरिबेस टॉर्मो की चौथी वरीयता प्राप्त स्पेन की जोड़ी को 6-2 7-5 से मात दी।

सानिया ने होबार्ट में वापसी से पहले आखिरी बार अक्टूबर 2017 में चाइना ओपन में हिस्सा लिया था। टेनिस से दो साल दूर रहने के दौरान मां बनने के लिए औपचारिक ब्रेक लेने से पहले उन्हें चोट से जूझना पड़ा था। सानिया ने मैच जीतने के बाद ट्वीट कर बताया कि आज का दिन मेरे जीवन के सबसे खास दिनों में से एक था। सानिया ने साल के पहले ग्रैंड स्लैम ऑस्ट्रेलियन ओपन में रोहन बोपन्ना के साथ जोड़ी बनाने का फैसला किया है। दरअसल, राजीव राम इस टूर्नामेंट से हट गए हैं जिनके साथ उन्होंने शुरुआत में जोड़ी बनाने की योजना बनाई थी।

# रोनाल्डो के गोल से यूवेंटस जीत के साथ शीर्ष पर



**मिलान।** क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने लगातार छठे लीग मैच में गोल दागा जिससे यूवेंटस रविवार को रोमा को 2-1 से हराकर सिरी ए के शीर्ष पर पहुंच गया। यूवेंटस को तुर्की के डिफेंडर मेरिह देमिराल ने तीसरे मिनट में बढ़त दिलाई जबकि इसके कुछ मिनट बाद रोनाल्डो ने पेनल्टी पर गोल दागकर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। रोनाल्डो का छह लीग मैचों में यह नौवां गोल है। रोमा की ओर से एकमात्र गोल डिएगो पेरोटी ने 68वें मिनट में किया। इस जीत के साथ यूवेंटस 19 मैचों में 48 अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंच गया है। टीम ने इंटर मिलान पर दो अंक की बढ़त बना ली है जिसे शनिवार को अटलांटा ने 1-1 से बराबरी पर रोका।

# बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने भज्जी के साथ जमकर लगाए ठुमके

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई अध्यक्ष सौरव गांगुली ने टीम इंडिया के अनुभवी स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह के साथ जमकर डांस किया, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में 'दादा' भज्जी का खूब साथ दे रहे हैं। इस वीडियो में गांगुली और हरभजन के अलावा, वीवीएस लक्ष्मण, वीरेंद्र सहवाग और मोहम्मद कैफ नजर आ रहे हैं। दरअसल, यह वीडियो एक टेलिविजन शो का है, जिसमें गायिका ऊषा उत्थुप 'सेनोरिटा' गाना गा रही हैं। ऊषा उत्थुप के इस गाने पर भज्जी भज्जी थिरकने लगे और दादा को भी डांस करने पर मजबूर कर दिया।

गांगुली के इस डांस को देखकर सब हैरान



नजर आए। सब लोगों ने जमकर ताली बजाई। खबर लिखे जाने तक इस वीडियो को लोग दो हजार से ज्यादा बार देख चुके हैं और इसे खूब शेयर कर रहे हैं।

# सहवाग को याद आया डायपर, कहा- चार दिन की चांदनी होती है, टेस्ट मैच नहीं

**नई दिल्ली।** टीम इंडिया के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने टेस्ट मैच को पांच की जगह चार दिन का करने के प्रस्ताव पर अपने तरीके से कटाक्ष करते हुए कहा कि जिस तरह से 'मछली को अगर जल से निकाला जाए तो वह मर जाएगी' उसी तरह टेस्ट में नयापन लाने का मतलब यह नहीं कि उसकी आत्मा से छेड़छाड़ की जाए। बीसीसीआई पुरस्कार समारोह में रविवार को सहवाग ने कहा, 'एमएके पटौदी स्मारक व्याख्यान' में हिन्दी मुहावरों का इस्तेमाल करते हुए कहा कि खेल के सबसे लंबे प्रारूप में नयापन लाना दिन-रात्रि टेस्ट मैच तक सीमित रखना चाहिए। सहवाग ने अपने तरीके से कहा, 'चार दिन की चांदनी होती है, टेस्ट मैच नहीं...जल की मछली जल में अच्छी है, बाहर निकालों तो मर जाएगी।'



उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट को चंदा मामा के पास ले जा सकते हैं। हम दिन-रात्रि टेस्ट खेल रहे हैं, लोग शायद आफिस के बाद मैच को देखने के लिए आए। नयापन आना चाहिए लेकिन पांच दिन में बदलाव नहीं किया जाना चाहिए।' आईसीसी टेस्ट क्रिकेट को चार दिन का करने का प्रस्ताव ला रहा है जिस पर मार्च में क्रिकेट समिति की बैठक में चर्चा होगी। इसकी हालांकि विराट कोहली, सचिन तेंडुलकर, रवि शास्त्री, रिकी पॉन्टिंग और इयान बॉथम जैसे मौजूदा और पूर्व शीर्ष खिलाड़ियों ने आलोचना की है। सहवाग ने पांच दिवसीय टेस्ट को रोमांस का तरीका करार देते हुए कहा कि इंतजार करना इस प्रारूप की खूबसूरती है। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा बदलाव को स्वीकार किया है लेकिन पांच दिवसीय टेस्ट मैच एक रोमांस है जहां गेंदबाज बल्लेबाज को आउट करने के लिए योजना बनाता है, बल्लेबाज हर गेंद को कैसे मारूं यह सोचता है और स्लिप में खड़ा क्षेत्ररक्षक गेंद का ऐसे इंतजार करता है जैसे प्यार में खड़ा लड़का सामने से हां का इंतजार करता है, सारा दिन इंतजार करता है कि कब गेंद उसके हाथ में आएगी और कब वो लपकेगा।'

# बेंगलुरु में ट्रेनिंग करने का फैसला खुद साइना का थाः प्रकाश पादुकोण

**नई दिल्ली।** प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकेडमी ने मंगलवार को स्पष्ट किया कि बेंगलुरु में विमल कुमार के मार्गदर्शन में अभ्यास करने का फैसला साइना नेहवाल का ही था और इसमें अकेडमी की कोई भूमिका नहीं रही। रियो ओलिंपिक से पहले हैदराबाद में गोपीचंद अकेडमी छोड़कर साइना ने बेंगलुरु में ट्रेनिंग का फैसला किया था।

गोपीचंद ने आगामी किताब ड्रीम्स ऑफ ए बिलियन : इंडिया ऐंड द ओलिंपिक गेम्स के एक अध्याय बिटर राइवलरी में लिखा है कि 2014 वर्ल्ड चैंपियनशिप के बाद विमल कुमार के मार्गदर्शन में बेंगलुरु स्थित पादुकोण अकेडमी में अभ्यास के साइना के फैसले से वह काफी



दुखी हुए। गोपीचंद ने यह भी कहा कि उन्हें बुरा लगा कि पादुकोण, विमल और ओलिंपिक गोल्ड क्वेस्ट के अधिकारी वीरेन रसकिन्हा ने साइना को हैदराबाद छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया। पादुकोण अकेडमी ने एक बयान में कहा, बेंगलुरु में पीपीबीए (प्रकाश पादुकोण बैडमिंटन अकेडमी) पर अभ्यास करने के साइना के फैसले में पीपीबीए का कोई हाथ नहीं है। विमल कुमार ने साइना को खराब फॉर्म से निकलकर दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनने में मदद की। इसके अलावा उन्होंने ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप और वर्ल्ड चैंपियनशिप में भी सिल्वर मेडल जीते। किताब में 46 वर्षीय गोपीचंद ने यह भी लिखा है कि उन्हें हैरानी है कि पादुकोण ने कभी उनके बारे में कुछ सकारात्मक नहीं कहा। इस पर पीपीबीए ने लिखा, पीपीबीए एक खिलाड़ी और कोच के रूप में भारतीय बैडमिंटन में पुलेला गोपीचंद के योगदान का सम्मान करता है। हमने विश्व स्तर पर उनके खिलाड़ियों की सफलता की सराहना की है और हमेशा उनके साथ अच्छे रिश्ते रहे हैं। गोपीचंद ने खुद पादुकोण के मार्गदर्शन में अभ्यास किया और 2001 में ऑल इंग्लैंड जीतने के बाद कोच गांगुली प्रसाद के साथ जुड़े। पादुकोण अकेडमी ने कहा, ह्यपीपीबीए पिछले 25 साल से खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दे रहा है। हमारे कई खिलाड़ी अपने कैरियर के अलग अलग चरण पर अकादमी छोड़कर गए हैं। हम कभी उनकी प्रगति में बाधा नहीं बने और यही अकादमी की नीति रहेगी।




दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# वरुण धवन को चड्डी में देख श्रद्धा कपूर ने कर डाला बेहद फनी कॉमेंट



**वरुण धवन** और श्रद्धा कपूर न सिर्फ फिल्मों में साथ दिखाई देते हैं बल्कि वे रियल लाइफ में भी काफी अच्छे दोस्त हैं। इनकी बॉन्डिंग इतनी अच्छी है कि ये एक-दूसरे को सोशल मीडिया पर भी टीज करते दिख जाते हैं। इस बार भी जब वरुण ने अपकमिंग फिल्म का पोस्टर शेयर किया तो श्रद्धा ने उसे शेयर करते हुए बेहद फनी कॉमेंट कर डाला। दरअसल, वरुण ने 13 जनवरी को फिल्म 'मिस्टर लेले' का पोस्टर शेयर किया था, जिसमें वह चड्डी पहने और हैंड्स अप पोज में दिखाई दे रहे थे। इस फनी पोस्टर पर फैंस भी अपनी हंसी नहीं रोक सके। वहीं श्रद्धा ने फिल्म 'स्ट्रीट डांसर 3डी' के अपने इस को-स्टार का पोस्टर देखा तो उन्हें तो जैसे टीज करने का मौका मिल गया। ऐक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर इस पोस्टर को शेयर करते हुए लिखा, ऐसा लग रहा है जैसे तुमने मेरे पापा का कच्छा चुरा लिया है। लव इट चिरकुट। इसके साथ श्रद्धा ने पर्पल हार्ट भी बनाया। वरुण धवन की यह फिल्म शशांक खेतान डायरेक्ट करेंगे वहीं प्रॉडक्शन करण जौहर का होगा। पोस्टर के साथ यह जानकारी भी शेयर की गई है कि मूवी को अगले साल 1 जनवरी के मौके पर रिलीज किया जाएगा।




# इलियाना डिक्रूज ने सोशल मीडिया पर उड़ाया खुद का मजाक

**इलियाना डिक्रूज** को बॉलिवुड की सबसे बिंदास ऐक्ट्रेसेस में से एक माना जाता है। वह न सिर्फ अपनी बेबाकी से ट्रोल्स की बोलती बंद कर देती हैं बल्कि खुद ही सोशल मीडिया पर अपना मजाक भी उड़ा लेती हैं। ऐसा ही कुछ उन्होंने इस बार भी किया है। ऐक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें और विडियो शेयर किए हैं जिनमें वह एक इवेंट के लिए रेडी होती दिख रही हैं। इस दौरान उनके चेहरे पर तरह-तरह के फनी एक्सप्रेशन्स दिखाई दे रहे हैं। इन्हीं एक्सप्रेशन्स को लेकर उन्होंने खुद का मजाक भी उड़ाया है। पोस्ट के साथ इलियाना ने लिखा, 'क्या मैं कभी स्ट्रेट फेस रख सकती हूं? पिक 1: नहीं, पिक 2: uh uh, पिक 3: no haha, पिक 4: छोड़ो...'। वैसे ऐक्ट्रेस ने भले ही इन पिक्स से अपना मस्तीभरा मूड दिखाया हो लेकिन फैन्स को जरूर उनकी तस्वीरें बेहद पसंद आईं। उन्होंने इन तस्वीरों में भी इलियाना के लुक को हॉट बताया। वहीं कुछ ने लिखा कि उनके कैप्शन्स को कोई भी हरा नहीं सकता है।





# जब परिणीति ने आयुष्मान के साथ गाया 'आज जाने की जिद न करो'



**बॉलिवुड** ऐक्ट्रेस परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी आने वाली फिल्मों जैसे साइना नेहवाल की बायॉपिक और 'द गर्ल ऑन द ट्रेन' का बेसब्री से इंतजार कर रही हैं। वह अभी दोनों ही फिल्मों की शूटिंग कर रही हैं। दोनों ही फिल्मों का फर्स्ट लुक जारी हो चुका है और तभी से इन फिल्मों को लेकर फैंस का एक्साइटमेंट बढ़ गया है और इनकी चर्चा हो रही है। इसके अलावा परिणीति ऐसी ऐक्ट्रेस हैं जो सोशल मीडिया पर काफी ऐक्टिव रहती हैं और अब उन्होंने एक नया विडियो सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर शेयर किया है। आखिरी बार 'जबरिया जोड़ी' में नजर आईं परिणीति ने इस बीच अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में एक पुराना विडियो शेयर किया है। इसमें उनके 'मेरी प्यारी बिंदु' के को-स्टार आयुष्मान खुराना भी नजर आ रहे हैं। विडियो में दोनों ऐक्टर्स को मशहूर गाने आज जाने की जिद न करो' गाते हुए देखा जा सकता है। इस कूल विडियो को देखने के बाद फैंस इच्छा जाहिर कर रहे हैं कि दोनों जल्द ही कोई नई फिल्म साइन करें।